सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

संपादक : संजय बघेल




रविवार 10 मई 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 11 ● अंक : 09 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

# बंगाल के शुभेन्दु सीएम

## शुभेंदु बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री, दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू, निषिथ प्रमाणिक मंत्री बने; बांग्ला में शपथ ली

राष्ट्रबाण | कोलकाता | एजेंसी | rashtrabaan.in

**सुवेंदु** अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल में बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री बन गए। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम किया।

सुवेंदु के साथ 5 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में पहुंचे।

पीएम रोड शो करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे, मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धाजंलि दी। इसके बाद वे भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और पैर छुए। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की शपथ पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से घुटनों के बल झुककर बंगाल की जनता को प्रणाम किया।

### शपथ के बाद एयरपोर्ट पर 7 राज्यों के सीएम , विक्ट्री साइन दिखाया

शपथ के बाद हरियाणा सीएम नायब सैनी, बिहार सीएम सम्राट चौधरी, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग, अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू और मेघालय सीएम कॉनराड संगमा ने एयरपोर्ट पर नजर आए। उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया।

**बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने सुवेंदु को सीएम बनने पर बधाई दी**

बांग्लादेश अवामी लीग की अध्यक्ष और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री बनने पर सुवेंदु अधिकारी को बधाई दी। शेख हसीना, फिल्हाल भारत में ही शरण लिए हुए हैं।



### सुवेंदु के पिता बोले- आज आम लोगों को भी जीत मिली

जैसे ही सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली, उनके पिता शिशिर कुमार अधिकारी ने कहा, 'हमने नंदीग्राम की लड़ाई लड़ी और उस संघर्ष की अगुआई सुवेंदु ने की थी। बार-बार, अलग-अलग तरीकों से उन्हें पीछे धकेलने की कोशिशें की गई, लेकिन आज आम लोगों को भी जीत मिली है। यह सिर्फ नंदीग्राम की बात नहीं है।

### कौन हैं माखनलाल, जिनके मोदी ने पैर छुए



शपथ ग्रहण से पहले मंच पर पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में बीजेपी के सबसे बुजुर्ग कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार को सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। 1952 में माखनलाल सरकार को कश्मीर में उस आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया गया था, जब वे श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ वहां भारतीय तिरंगा फहराने के लिए गए थे। 98 साल की उम्र में माखनलाल सरकार आजादी के बाद के भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े शुरुआती जमीनी स्तर के नेताओं में से एक हैं।



### गडकरी बोले- बंगाल में बीजेपी की विचारधारा को पहचान मिली; विकास होगा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को नागपुर में कहा कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी की शानदार जीत दिखाती है कि पार्टी की विचारधारा को अब वहां के लोगों के बीच पहचान मिल गई है ।राज्य में सत्ता परिवर्तन बंगाल के विकास का रास्ता बनाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में सुवेंदु अधिकारी के शपथ समारोह में शामिल होने से पहले एजेंसी से बात कर रहे थे। बीजेपी ने हाल ही में हुए चुनावों में 294 सदस्यों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा में 207 सीटें हासिल कीं, जिससे तृणमूल कांग्रेस का 15 साल का शासन खत्म हो गया और पूर्वी भारत में उसकी सबसे बड़ी सफलता की कहानी लिखी। भवानीपुर विधानसभा सीट पर अस्ष्ट सुप्रीमो ममता बनर्जी को हराने वाले सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पहले बीजेपी मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

# योगी मंत्रिमंडल में आज 6 नए मंत्री बनेंगे

## सीएम राज्यपाल से मिलेंगे; सपा के बागी मनोज पांडेय-पूजा पाल मंत्री बन सकते हैं




राष्ट्रबाण | लखनऊ | एजेंसी | rashtrabaan.in

**योगी** सरकार रविवार को दूसरी बार मंत्रिमंडल विस्तार करेगी। सीएम योगी शनिवार शाम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुलाकात करेंगे। इस बार 5 से 6 नए मंत्री बनाए जाएंगे। वहीं, कुछ मंत्रियों की छुट्टी भी हो सकती है।

सपा से बगावत करने वाले विधायक मनोज पांडेय और पूजा पाल का मंत्री बनना लगभग तय है। इनके अलावा नाई समाज से एमएलसी रामचंद्र प्रधान, विश्वकर्मा समाज से वाराणसी के एमएलएसी हंसराज विश्वकर्मा को मंत्री बनाया जा सकता है। जाट समाज से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को जगह मिल सकती है। ब्राह्मण समाज से पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला भी मंत्री पद की दौड़ में हैं। इनके अलावा कृष्णा पासवान को भी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। अभी सीएम योगी को मिलाकर कुल 54 मंत्री हैं। इस तरह 6 मंत्री और बन सकते हैं।

**महिलाओं के लिए मंत्रिमंडल में बनेगी जगह**

यूपी विधानसभा में 51 महिला विधायक हैं। इनमें भाजपा की 30, अपना दल (एस) की 4 और रालोद की 1 विधायक हैं। योगी सरकार में कुल 5 महिला मंत्री हैं। महिला आरक्षण लागू करने के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल संसद में पास नहीं हो सका।

भाजपा महिलाओं के बीच विपक्ष के खिलाफ इसे मुद्दा बना रही है। ऐसे में मंत्रिमंडल में महिला मंत्रियों की संख्या बढ़ाकर भाजपा संदेश देने की कोशिश कर सकती है।

### दलित वर्ग से 1 या 2 मंत्री हो सकते हैं

योगी सरकार में एक कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य समेत कुल 8 मंत्री दलित वर्ग से हैं। यूपी विधानसभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें स्ष्ट के लिए 84, जबकि स्ञ्च के लिए 2 सीटें सुरक्षित की गई हैं। इनमें 67 दलित विधायक भाजपा के हैं। दलितों की नाराजगी दूर करने के लिए भाजपा अंबेडकर जयंती पर हर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रमों का आयोजन कर चुकी है। सरकार ने भी डॉ. बीआर अंबेडकर मूर्ति विकास योजना भी लागू की है। जानकारों का मानना है कि मंत्रिमंडल विस्तार में दलित वर्ग से एक-दो मंत्री बनाए जा सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डीआरडीओ ने लैस अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**भुवनेश्वर।** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल परीक्षण सेंटर से अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मिसाइल में मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल सिस्टम लगाया गया है, जिससे एक साथ कई टारगेट को निशाना बनाया जा सकता है। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अलग-अलग जगहों पर मौजूद कई टारगेट्स को सफलतापूर्वक हिट किया। ये सभी लक्ष्य हिंद महासागर क्षेत्र में फैले हुए थे।

### बिहार में टीचिंग जॉब के उम्मीदवारों पर लाठीचार्ज

**नईदिल्ली।** कांग्रेस एमपी राहुल गांधी ने शनिवार को बीजेपी सरकार पर बेरोजगार युवाओं की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने बिहार में प्रदर्शन कर रहे टीचर उम्मीदवारों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना की। कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- कल पटना में टीचर उम्मीदवार जो अपने रोजगार के अधिकार के लिए शांति से विरोध कर रहे थे, उन्हें बिहार पुलिस ने फिर से बेरहमी से पीटा। बेरोजगार युवाओं को बीजेपी का जवाब : लाठियां। बेरोजगारी आज भारत में सबसे बड़ी बीमारी है और इसका सबसे बुरा असर बिहार और उत्तर प्रदेश के युवाओं पर पड़ रहा है।

### प्रसार भारती सचिवालय परिसर में ट्रांसफार्मर जला

**नईदिल्ली।** दिल्ली के प्रसार भारती सचिवालय में शनिवार को एक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। हालांकि इस घटना में किसी नुकसान की खबर नहीं है। फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की खबर मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दमकल कर्मियों ने कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों ने बताया कि आग ट्रांसफॉर्मर तक ही सीमित रही, जिससे अन्य हिस्सों में नहीं फैल सकी। फिलहाल आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# तमिलनाडु राज्यपाल से मिलने जा रहे विजय रास्ते से लौटे

## सरकार बनाने का दावा पेश करने जा रहे थे; वीसीके-आईयूएलएल के समर्थन से बहुमत जुटाया

राष्ट्रबाण | चेन्नई | एजेंसी | rashtrabaan.in

**तमिलनाडु** में सरकार बनाने का दावा पेश करने जा रहे एक्टर विजय अपने घर से लोकभवन जाने के दौरान आधे रास्ते से वापस लौट गए हैं। वे बहुमत जुटाने के बाद राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से लगातार चौथे दिन मिलने जा रहे थे।

एक्टर विजय के सरकार बनाने का रास्ता लगभग साफ हो गया है।



चुनाव में 2-2 सीटें जीतने वाली वीसीके और आईयूएलएल ने विजय की टीवीके पार्टी को अपना समर्थन दे दिया है। इसी के साथ टीवीके के पास बहुमत के लिए जरूरी 118 विधायकों की संख्या पूरी हो गई है। टीवीके ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीती हैं। इनमें विजय ने दो सीटें जीती हैं। पार्टी को कांग्रेस के 5, सीपीआई और सीपीआई (एम) के 2-2 विधायकों से समर्थन पत्र पहले ही मिल चुका था।

### ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्रोफाइल बदला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बदलते ही पूर्व सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्रोफाइल बदल दिया। उन्होंने बायो में लिखा, 'फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और 15वीं,16वीं,17वीं विधानसभा की मुख्यमंत्री। इससे पहले उनके बायो में फाउंडर चेयरपर्सन ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, ऑनरेबल चीफ मिनिस्टर,वेस्ट बंगाल लिखा था। बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद ममता ने मुख्यमंत्री पद छोड़ने के इनकार कर दिया। ममता ने इस्तीफा नहीं दिया। 7 मई को पश्चिम बंगाल की 17वीं विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो गया है। इसके बाद राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग कर दी थी।

# अमेरिका-ईरान अगले हफ्ते फिर बातचीत कर सकते हैं

## ट्रम्प बोले- ईरान के जवाब का इंतजार; तेहरान ने न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने की मांग ठुकराई

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**अमेरिका** और ईरान के बीच तनाव कम करने को लेकर अगले हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर बातचीत शुरू हो सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देश मध्यस्थों के जरिए एक समझौता ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं, जिससे एक महीने तक चलने वाली औपचारिक वार्ता का रास्ता खुल सकता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका की तरफ से प्रस्तावित 14 बिंदुओं वाले ड्राफ्ट में ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज स्ट्रेट में तनाव कम करने और ईरान के एनरिच्ड यूरेनियम भंडार को किसी दूसरे देश भेजने जैसे मुद्दे शामिल हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें ईरान की तरफ से जल्द जवाब मिलने की उम्मीद है। अगर बातचीत आगे बढ़ी तो सीजफायर को और लंबा किया जा सकता है। साथ ही अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम या हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर कोई समझौता नहीं करेगा।



**ईरान युद्ध का असर चीन के आर्थिक-स्ट्रैटेजिक हितों पर भी पड़ा**

अमेरिका और इजराइल के ईरान के खिलाफ युद्ध का असर चीन के आर्थिक और रणनीतिक हितों पर भी पड़ा है। यह बात दोहा इंस्टीट्यूट फॉर ग्रेजुएट स्टडीज में अंतरराष्ट्रीय राजनीति के सहायक प्रोफेसर मुहनद सेलूम ने कही।

अल जजीरा से बातचीत में सेलूम ने कहा कि चीन ने युद्ध में सीधे ईरान का सैन्य समर्थन नहीं किया, क्योंकि इसके गंभीर और महंगे परिणाम हो सकते थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि चीन ईरान को पूरी तरह अकेला भी नहीं छोड़ सकता था। अगर ऐसा होता, तो दुनिया में यह मैसेज जाता कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में सिर्फ अमेरिका ही प्रभावी ताकत है।

सेलूम के मुताबिक, चीन पहले ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपना वीटो अधिकार इस्तेमाल कर चुका है। यह उन प्रस्तावों के दौरान हुआ, जिनमें होर्मुज के मुद्दे पर ईरान पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही थी।

### उत्तर प्रदेश समेत 6 राज्यों में आंधी-बारिश; राजस्थान और मध्य प्रदेश में पारा 43डिग्री के पार

# बिहार में बिजली-पेड़ गिरने से 9 लोगों की मौत

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**बिहार** में पटना समेत 7 जिलों में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। पेड़ और बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 5 मौतें राजधानी पटना में हुई। आंधी में 600 से ज्यादा पेड़ भी गिर गए। उत्तर प्रदेश के आगरा और जालौन में बारिश हुई, मऊ में ओले गिरे। शनिवार को 17 जिलों में आंधी-बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के 13 जिलों में शनिवार को आंधी-बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान का बाड़मेर देश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर और फलोदी में तापमान 44डिग्री रहा। मध्य प्रदेश के रतलाम में शुक्रवार को पारा 43.5डिग्री पहुंच गया। गुजरात के अहमदाबाद में तापमान 43.1डिग्री और महाराष्ट्र के वाशिम में 42.8डिग्री दर्ज किया गया



**13 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट; जबलपुर, नर्मदापुरम-रीवा संभाग में ज्यादा असर**

भोपाल, छिंदवाड़ा और रायसेन समेत 20 से ज्यादा जिलो में शुक्रवार को आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। वहीं, दिन में कई जिलों में गर्मी का असर रहा। रतलाम में पारा 43.5डिग्री पहुंच गया. जबकि शाजापुर में 42.6डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा।

### अगले दिन के मौसम का हाल

10 मई :
जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है।
पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी और राजस्थान में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है।
बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बारिश के साथ बिजली गिरने का खतरा है।

11 मई
उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में हल्की बारिश और गरज-चमक का अनुमान है। पठानकोट, रूपनगर और एसएएस नगर (मोहाली) में अलग-अलग स्थानों पर आंधी चलने और बिजली गिरने की संभावना है। दक्षिण और मध्य बिहार में आंधी-बारिश की संभावना।

# आप मंत्री मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार : ईडी टीम अरोड़ा को चंडीगढ़ से दिल्ली ले गई

## केजरीवाल बोले- पार्टी तोड़ने की कोशिश

राष्ट्रबाण | चंडीगढ़ | एजेंसी | rashtrabaan.in

**केंद्रीय** जांच एजेंसी ईडी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह हुई रेड के वक्त वह चंडीगढ़ के सेक्टर 2 स्थित अपनी सरकारी कोठी पर ही थे।

इसके बाद करीब 10 घंटे की पूछताछ की गई। जिसके बाद शाम करीब 5 बजे ईडी की टीम चंडीगढ़ और हरियाणा नंबर की गाड़ियों में उन्हें दिल्ली ले गई। आगे की पूछताछ उनसे दिल्ली में ही होगी। उनकी रात ईडी के लॉकअप में बीतेगी।



ईडी ने शनिवार सुबह ही मंत्री अरोड़ा पर रेड चंडीगढ़ में उनके सरकारी घर, दिल्ली और गुरुग्राम के 5 ठिकानों में हुई है। ईडी ने खुलासा किया कि अरोड़ा ने अपनी फर्मों के जरिए मोबाइल खरीद की करीब 157.12 करोड़ रुपए की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के माध्यम से फर्जी एक्सपोर्ट किए। इसके अलावा दुबई से भारत में अवैध रकम की राउंड-ट्रिपिंग के लिए इन सामानों के एक्सपोर्ट का इस्तेमाल किया।





# जमा हुआ सारा बलगम बाहर फेंक देगी छाती, बस सर्दियों में खाएं ये चटनी

पॉल्यूशन और सर्दी की वजह से बलगम, खांसी, सांस की तकलीफ होना आम है। इसे मिटाने के लिए सुबह ग्रीन टी और तुलसी की पत्तियां लेनी चाहिए। इसके अलावा च्यवनप्राश, शहद-दालचीनी, अदरक-गुड़, हरीतकी का चूर्ण और एलोवेरा जूस भी लेना चाहिए। रात में हरीतकी का चूर्ण गर्म पानी के साथ लेकर फायदा उठा सकते हैं।

## दोपहर में काम करेगा अदरक

सूखे अदरक का एक टुकड़ा गुड़ की दोगुनी मात्रा के साथ चबाएं। इसे दोपहर में भोजन से पहले या बाद में लें। गुड़ खाने से पॉल्यूशन का असर कुछ कम जरूर होता है और फेफड़ों को फायदा पहुंचता है।

## दोपहर में पिएं ये काढ़ा

3 चुटकी सौंठ, 3 तुलसी के पत्ते, 3 काली मिर्च, 2 चुटकी दालचीनी का पाउडर लें और इन सभी को मिलाकर काढ़ा या चाय के रूप में दोपहर बाद एक कप जरूर पिएं। इसके अलावा 2 चम्मच एलोवेरा जूस को 2 चम्मच गर्म पानी के साथ ले सकते हैं। वहीं आंवले का दो चम्मच रस, एक चौथाई चम्मच शहद और चौथाई चम्मच हल्दी पाउडर मिलाकर पिएंगे तो फायदा होगा।

## 45 दिनों तक रात में लें ये चूर्ण

एक कप गर्म पानी के साथ हरीतकी (हरड़) का चूर्ण 45 दिनों के लिए लें। इसका सेवन शरीर को प्रदूषण से लड़ने के काबिल बनाएगा और फेफड़े मजबूत होंगे। इसे खाने के आधे घंटे बाद लें।

## नाक में डालें ये तेल

सुबह उठने के बाद एक गिलास गुनगुने पानी से गरारे करें और बाहर निकलते समय नाक के दोनों छिद्रों में सरसों या तिल का तेल लगा लें। इसे अपनी तर्जनी उंगली की मदद से लगा सकते हैं। इन दिनों चाहें तो अपने नाक के बाल न काटें। इससे हवा में मौजूद कई डस्ट पार्टिकल सांस की नली और फेफड़ों तक नहीं पहुंच सकेंगे।


## सुबह-शाम लें च्यवनप्राश

रोज सुबह-शाम एक-एक चम्मच च्यवनप्राश भी ले सकते हैं। दूसरी तरफ, 1 गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद और दालचीनी का पाउडर (एक चुटकी) आधे नीबू के रस के साथ लें। इन सभी उपायों से शरीर को फायदा होगा।

## सीने में जमा कफ निकालेगा ये उपाय

गर्मागर्म खाना खाएं व तिल के तेल से मसाज करें और गुनगुने पानी से नहाएं। अगर सीने में कफ जमा हो तो 1 गिलास दूध में 5 से 7 किशमिश, 2 से 3 खजूर डालकर 10 मिनट उबाल लेना है। जिनकी उम्र 5 साल से ज्यादा है वे बिना छाने ही इसे पी लें और किशमिश आदि को खा लें। कई लोग सोते समय खिड़की खोल देते हैं। इससे बाहर की ठंडी हवा अंदर आ जाती है और खराश पैदा करती है।





# कॉफी के साथ न खाएं ये चीजें चरमरा जाएगा पाचन सिस्टम

**कॉफी के साथ खट्टी, मसालेदार, या ज्यादा मीठी चीजों के सेवन से पेट में तेजाब बनने का खतरा होता है। खट्टे फलों में अम्लता कॉफी के साथ सेवन करने पर पेट में परेशानी या एसिड रिफ्लक्स का कारण बन सकती है। मसालेदार भोजन पेट में एसिड उत्पादन बढ़ा सकता है।**

कॉफी के साथ मिलकर जहर बनाती हैं ये चीजें कॉफी पीने में बेशक खूब मजा आता है लेकिन कॉफी के साथ कुछ चीजों के सेवन से बचना चाहिए। इसके पीछे कई वजह हैं। ऐसा माना जाता है कि कॉफी के साथ खट्टी, मसालेदार, या ज्यादा मीठी चीजों के सेवन से पेट में तेजाब बनने का खतरा होता है, जिससे पेट से जुड़े कई विकार जन्म ले सकते हैं।

## कॉफी के साथ खट्टे फल खाने से बचें



खट्टे फलों में मौजूद अम्लता कभी-कभी कॉफी के साथ सेवन करने पर पेट में परेशानी या एसिड रिफ्लक्स का कारण बन सकती है, जो कि अम्लीय भी है।

## डेयरी और कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ



डेयरी उत्पादों में मौजूद कैल्शियम कॉफी के यौगिकों से बंध सकता है, जिससे कुछ पोषक तत्वों का अवशोषण प्रभावित हो सकता है।

## चटपटा खाना

मसालेदार भोजन पेट में एसिड उत्पादन बढ़ा सकता है, जो कॉफी की अम्लता के साथ मिलकर संभावित रूप से अपच या असुविधा का कारण बन सकता है।

## अत्यधिक मीठी पेस्ट्री

कॉफी को अत्यधिक मीठी पेस्ट्री के साथ मिलाने से ब्लड शुगर लेवल में अचानक वृद्धि और बाद में गिरावट हो सकती है, जिससे थकान हो सकती है।

## शराब

कॉफी के साथ अल्कोहल मिलाने से डिहाइड्रेशन हो सकता है, क्योंकि दोनों ही मूत्रवर्धक हैं। इसके अलावा कैफीन के उत्तेजक प्रभाव शराब के अवसाद वाले प्रभावों को छुपा सकते हैं।

## एनर्जी ड्रिंक्स

कॉफी को शुगरी ड्रिंक्स के साथ मिलाने से कैफीन और चीनी का अत्यधिक सेवन हो सकता है, जिससे संभावित रूप से घबराहट हो सकती है और बाद में ऊर्जा में गिरावट आ सकती है।

## हर्बल चाय

कुछ हर्बल चाय में कॉफी के समान मूत्रवर्धक प्रभाव हो सकते हैं, जिससे एक साथ सेवन करने पर संभावित रूप से डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है।





# अनिद्रा को दूर करने में कारगर हैं आयुर्वेद के यह आसान घरेलू उपाय

**अनिद्रा या नींद न आना एक गंभीर समस्या है, जो आजकल काफी आम हो चुकी है। इसे मेडिकल भाषा में इनसोम्निया भी कहते हैं। अनिद्रा की समस्या से ग्रसित व्यक्ति को रात में सोने में कठिनाई होती है। दिनभर की थकान के बाद भी व्यक्ति रात में सो नहीं पाता है और सिर्फ करवटें बदलता रहता है। रात में नींद न पूरी होने की वजह से न सिर्फ दिनचर्या प्रभावित होती है, बल्कि शरीर पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। रात में अच्छी और गहरी नींद न ले पाने की वजह से व्यक्ति को थकान, कमजोरी, आलस और चिड़चिड़ापन महसूस होता है। जब मस्तिष्क के वे क्षेत्र जो आमतौर पर जागने के दौरान सक्रिय होते हैं, नींद के दौरान सक्रिय हो जाते हैं, तो इसके परिणामस्वरूप अनिद्रा हो सकती है। इसमें खराब नींद की शिकायत करने वाला व्यक्ति और नींद शुरू करना या बनाए रखना शामिल है। इससे नींद के पैटर्न में बाधा आती है और नियमित कार्यक्षमता प्रभावित होती है।**

अनिद्रा अक्सर महिलाओं और वृद्धों में देखी जाती है। तीव्र अनिद्रा कई दिनों या हफ्तों तक रह सकती है, जो अक्सर दर्दनाक घटनाओं या व्यवसाय या दवा में बदलाव के कारण होती है। दीर्घकालिक अनिद्रा कई महीनों तक भी रह सकती है। मानसिक विकारों से पीड़ित लोगों और मादक द्रव्यों के सेवन के इतिहास वाले लोगों में दीर्घकालिक अनिद्रा होने की संभावना अधिक होती है। अनिद्रा आपकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधि को प्रभावित कर सकती है और आपको कम उत्पादक बना सकती है। नींद की लगातार कमी अवसाद, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ी हो सकती है। अगर आप भी अनिद्रा की समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा, कुछ आयुर्वेदिक उपायों की मदद से भी आप अनिद्रा से राहत पा सकते हैं। आज इस लेख में हम अपने पाठकों को आयुर्वेद के कुछ ऐसे उपायों के बारे में बताने का प्रयास कर रहे हैं, जिनकी सहायता से आप अनिद्रा की समस्या से मुक्ति पा सकते हैं—

## झपकी के समय को ना कहें

झपकी नींद के चक्र में अनियमितता लाकर सामान्य नींद फिजियोलॉजी को बाधित करती है। अपराह्न 3.00 से 4.00 बजे के आसपास झपकी लेने से नींद की स्वच्छता पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

## स्वस्थ जीवन शैली चुनना

सोच-समझकर चुनाव करना अनिद्रा से निपटने की कुंजी हो सकता है। आरामदायक रातों को अनलॉक करने के लिए, तम्बाकू, शराब, या कैफीन तक पहुंचने के बजाय, आराम से नींद लाने के लिए एक शांत हर्बल चाय या एक सुखदायक कप दूध का सेवन करने पर विचार करें। योग, ध्यान या इत्मीनान से शाम की सैर जैसी शांत गतिविधियों को प्राथमिकता दें, क्योंकि ये आपके शरीर को उस आराम के लिए बेहतर ढंग से तैयार कर सकते हैं जिसके वह हकदार हैं। भोजन की बात करें तो सोने से कुछ घंटे पहले हल्का और पौष्टिक रात्रिभोज चुनें। इससे आराम का माहौल बनता है और सूजन और एसिडिटी दूर रहती है।

## प्राणायाम और योग

कुछ योगासन और प्राणायाम भी अनिद्रा की शिकायत को दूर करने में मददगार साबित हो सकते हैं। सोने से पहले भ्रामरी प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, नाड़ी शोधन का अभ्यास करने से अच्छी नींद लेने में मदद मिल सकती। वहीं, बालासन, उत्तासन और शवासन जैसे योगासन भी अनिद्रा के साथ साथ एंग्जाइटी और तनाव के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**गर्म दूध** – रात में सोने से पहले गर्म दूध का सेवन करने से अच्छी और गहरी लेने में मदद मिल सकती है। इसमें ट्रिप्टोफैन होता है, जो मस्तिष्क में सेरोटोनिन को बढ़ाता है, जिससे नींद आती है। अगर आप अनिद्रा की समस्या से ग्रसित हैं, तो रोज रात में सोने से पहले गर्म दूध में हल्दी पाउडर या केसर मिलाकर पिएं। इससे न सिर्फ अच्छी नींद आएगी, बल्कि शरीर की कई समस्याएं भी दूर होंगी।

**अश्वगंधा** – आयुर्वेद में अश्वगंधा का इस्तेमाल कई समस्याओं को दूर करने के लिए किया जाता है। इसमें मौजूद औषधीय गुण अनिद्रा की शिकायत को दूर कर सकते हैं। इसके लिए आप रोज सोने से पहले अश्वगंधा के चूर्ण या कैप्सूल का सेवन गर्म दूध के साथ कर सकते हैं। नियमित रूप से ऐसा करने से आपको काफी लाभ होगा। हालांकि, इसका सेवन हमेशा डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए।

**जीरा** – एक चम्मच जीरे को भून कर पीस लें। अब एक कप गर्म पानी में इसे मिलाएं और पांच मिनट तक ढक कर रख दें, रोजाना सोने से पहले इसको पीने से अनिद्रा में लाभ मिलता है।

**सौंफ** – अनिद्रा के बीमारी से राहत पाने के लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच सौंफ को उबालकर दिन में दो बार पीने से फायदा मिलता है।

**जायफल का पाउडर** – सोने से पहले एक कप गर्म दूध में एक चम्मच जायफल का पाउडर मिलाकर पिएं। इसके अलावा गर्म दूध में एक चुटकी केसर डालकर पिएं।

**कैमोमाइल चाय** – कैमोमाइल चाय अनिद्रा के लिए एक बहुत ही अच्छा प्राकृतिक उपाय है। अध्ययनों के अनुसार कैमोमाइल में एपिजेनिन नामक यौगिक पाया जाता है जो अनिद्रा में बहुत लाभदायक है।







# कब्ज का होगा नाश, खून भी होगा साफ, ठंड में खाएं घी-गुड़

**सर्दियों में गुड़ और घी का सेवन करने से इम्यूनिटी बढ़ती है, पाचन क्रिया में सुधार होता है और पोषक तत्वों का अवशोषण अच्छा होता है। इसके अलावा, ये कब्ज को कम करने, आंत संबंधी समस्याओं को दूर करने, दोषों को संतुलित करने लिए फायदेमंद है।**

## ठंड में घी और गुड़ खाने के फायदे

सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है और इस दौरान इम्यून सिस्टम कमजोर होने से संक्रमण और बीमार होने का ज्यादा रिस्क होता है। अक्सर देखा जाता है कि इन दिनों पेट से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ जाती है। ठंड के मौसम में इम्यूनिटी बढ़ाने, शरीर को गर्म रखने और पाचन को बेहतर रखने के लिए आपको गुड़ और घी का सेवन करना चाहिए।

## पाचन में होता है सुधार

गुड़ के साथ घी मिलाकर खाने से पाचन वाले एंजाइम बढ़ते हैं जिससे पाचन क्रिया में सुधार होता है। रोजाना सिर्फ आधा चम्मच खाने से भारी भोजन से पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार हो सकता है।


## कब्ज से मिलती है राहत

गुड़ और घी का सेवन कब्ज और आंत संबंधी समस्याओं को कम करने में मदद कर सकता है। गुड़ में फाइबर होते हैं और घी में रेचक। इसी वजह से मल त्याग को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

## तीनों दोष रहते हैं संतुलित

गुड़ और घी खाने से शरीर में दोषों (वात, पित्त और कफ) को संतुलित करने में मदद मिल सकती है। इनके शांत रखने से संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक करने में मदद मिलती है।

## इम्यूनिटी सिस्टम बनता है मजबूत




घी हेल्दी फैट और वसा में घुलनशील विटामिन (ए, ई और डी) का स्रोत है। गुड़ में आयरन, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे मिनरल्स होते हैं। इनका एक साथ सेवन करना शरीर के लिए हर तरह से फायदेमंद है।

## जोड़ों का दर्द होता है दूर

घी को चिकनाई देने वाला माना जाता है और यह जोड़ों के स्वास्थ्य में मदद कर सकता है, जबकि गुड़ के एंटी इंफ्लेमेटरी गुण इन प्रभावों को पूरा कर सकते हैं।

## खून की होती है सफाई

गुड़ अपने रक्त-शुद्ध करने वाले गुणों के लिए जाना जाता है, जो रक्तप्रवाह से विषाक्त पदार्थों को खत्म करने में मदद करता है। इसी तरह घी में मौजूद हेल्दी फैट भी खून की सफाई का काम करता है।





# जान भी ले सकती है लौकी

लौकी का सेवन करना सेहत के लिए बहुत अच्छा है। इसे कई प्रकार से खा सकते हैं। सब्जी, जूस, खीर, कलाकंद, पराठे सहित अन्य तरीकों से इसका सेवन किया जा सकता है। इसका सेवन करने से कब्ज और गैस की समस्या में राहत मितली है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक और पोटेशियम मौजूद होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कड़वी लौकी का सेवन करने से आपकी जान पर बात बन सकती है। विषैली लौकी का सेवन करने से अस्पताल में भर्ती करने की नौबत आ जाती है। इसलिए भूलकर भी कड़वी लौकी का सेवन नहीं करें। लौकी का जूस बनाने से पहले इसे जरूर टेस्ट करें। अगर वह कड़वी लगती है तो इसका सेवन नहीं करें।

कड़वी विषैली लौकी का सेवन करने के नुकसान– बेचैनी, घबराहट, ब्लड प्रेशर की समस्या, उल्टी होने लगती है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार अंगों पर भी इसका असर पड़ सकता है। ऐसे में अंग फैल भी हो सकते हैं। इसलिए भूलकर भी लौकी को टेस्ट किए बिना इसका प्रयोग नहीं करें। कड़वी लौकी की पहचान उसे चखकर की जा सकती है। बता दें कि इसे पकाने पर भी कड़वापन खत्म नहीं होगा। कड़वी लगने पर इसे तुरंत थूक दें। दरअसल लौकी कई बार पकने केदौरान डिफेंस सिस्टम विकसित कर लेती है। जिससे उसमें केमिकल विकसित हो जाता है। तो कई बार तापमान कम ज्यादा होने पर भी यह बदलाव होने लगते हैं। इतना ही नहीं पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर भी ऐसा हो सकता है।



राष्ट्रबाण
सिवनी, रविवार 10 मई 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# सिविल कांट्रेक्टर एसोसिएशन का आरोप पीडब्ल्यूडी इंजीनियर ने कमीशन मांगा

बोले- ठेकेदारों को किया जा रहा परेशान, काम बंद करने की दी चेतावनी




बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

**बालाघाट** में सिविल कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने पीडब्ल्यूडी भवन शाखा के कार्यपालन यंत्री के.के. सिंगारे पर कमीशन मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। एसोसिएशन ने प्रेसवार्ता कर चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे काम बंद कर आंदोलन करेंगे। हालांकि, कार्यपालन यंत्री सिंगारे ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वरिष्ठ स्तर पर राशि की स्वीकृति मिलते ही लंबित भुगतान कर दिया जाएगा।

**10 लाख रुपये का भुगतान रोका**

एसोसिएशन के सचिव युनुस पप्पा खान ने चंदना स्वास्थ्य केंद्र भवन का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि ठेकेदार छोटूलाल ठाकरे ने विभाग के निर्देश पर अनुबंध राशि से अधिक कार्य किया था। माप पुस्तिका और सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद, कथित तौर पर भुगतान के बदले एक लाख रुपये कमीशन मांगा गया। विरोध करने पर लगभग 10 लाख रुपये का भुगतान रोक दिया गया। इस मामले की शिकायत प्रमुख सचिव और विभागीय अधिकारियों से की गई थी।

### यह पूरा मामला दो निर्माण कार्यों से जुड़ा है

परसवाड़ा के चंदना में बन रहे स्वास्थ्य केंद्र भवन और पिपरझरी के हाईस्कूल निर्माण का। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बंटी गोस्वामी ने बताया कि उन्हें लगातार कार्यपालन यंत्री के खिलाफ शिकायतें मिल रही हैं कि वे ठेकेदारों को अनुचित रूप से परेशान कर रहे हैं। उन पर दबाव बनाकर अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही है और राशि न देने पर टेंडर रद्द करने या ब्लैकलिस्ट करने की धमकी दी जाती है।

### एसडीओं के नाम पर मांगे पैसे

इसी तरह, रेलवे पिपरझरी में निर्माणाधीन हाईस्कूल भवन के मामले में गुणवत्ता जांच टीम ने कार्य पर संतोष व्यक्त किया था और केवल मामूली सुधार के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, आरोप है कि एसडीओ के माध्यम से जांच टीम के नाम पर राशि मांगी गई। एसोसिएशन का आरोप है कि राशि नहीं देने पर ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर दिया गया और लगभग 15 लाख रुपये का भुगतान रोक लिया गया। एसोसिएशन ने इसे शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों का दुरुपयोग बताया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# कम प्रगति वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश

कलेक्टर ने किरनापुर एवं लांजी में सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक



बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

**बालाघाट** जिले के किरनापुर एवं लांजी विकासखंड में आज 09 मई को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लांजी विकासखंड में आयोजित बैठक में विधायक श्री राजकुमार कर्राहे भी शामिल हुए।

किरनापुर एवं लांजी के जनपद पंचायत सभागार में आयोजित इन बैठकों में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, किरनापुर एसडीएम श्री आदित्य नारायण तिवारी, लांजी एसडीएम श्री कमल सिंहसार, किरनापुर जनपद सीईओ ममता कुलस्ते, लांजी जनपद सीईओ श्री अंकित सिंघई सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विधायक श्री राजकुमार कर्राहे ने क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार रखें तथा कार्यप्रणाली को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर तैनात सभी विभागों के कर्मचारी सेवा भाव से आमजन के कार्य करें। साथ ही लांजी एवं किरनापुर में प्रत्येक तीन माह में इस प्रकार की समीक्षा बैठक आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने विधायक निधि एवं अन्य योजनाओं से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर श्री मीना ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान एएनएम, सीएमओ एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति 'सार्थक एप' के माध्यम से दर्ज कराने तथा उसी के आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल से ही लॉग-इन एवं लॉग-आउट करना होगा तथा समय और स्थान की जानकारी भी एप में दर्ज होना चाहिए। बैठक में सभी एएनएम एवं सीएचओ को गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन कर चार बार एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एएनसी पंजीयन में सबसे कम प्रगति वाले कर्मचारियों से जवाब-तलब किया गया। इस दौरान किरनापुर विकासखंड के ग्राम गोदरी, किन्ही, मोरवाही, खारा, मुंडेसरा, बटकरी, बोदालझोला तथा लांजी विकासखंड के संबंधित एएनएम एवं सीएचओ को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उपचार तथा 03 से 06 वर्ष के बच्चों के शाला पूर्व शिक्षा पंजीयन की समीक्षा भी की गई। कम प्रगति वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सात दिवस के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सेम श्रेणी के कुपोषित बच्चों को एमोक्सिसिलिन दवा उपलब्ध कराते हुए फूड बास्केट वितरण करने के निर्देश भी दिए गए।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान फार्मर रजिस्ट्री में कम प्रगति वाले पटवारियों किरनापुर के योगेश, रविकांत भारद्वाज, राहुल त्रिपाठी तथा लांजी के देवेंद्र शरणागत, कुलदीप नगपुरे, संजय कुमार पटले और रुखमणी बैगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने को कहा गया। पटवारियों को लैपटॉप अपडेट करने तथा खसरा बंटांकन के साथ नक्शा तरमीम का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण पर भी जोर दिया गया।

### सही जवाब नहीं मिला तो होगी सेवा समाप्ति

ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान लांजी विकासखंड की नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायतों में रोजगार उपलब्ध कराने में लापरवाही पाए जाने पर ग्राम घोटी, सर्रा, जुनेवानी, अंधियाटोला, नेवरवाही, कलपाथरी एवं चिचोली के ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में पशु चिकित्सा विभाग की क्षीरधारा योजना, कामधेनु योजना, एफएमडी टीकाकरण एवं नर पशुओं के बधियाकरण की समीक्षा भी की गई। कम प्रगति पाए जाने पर पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी यशवंत लिल्हारे, आकांक्षा कर्राहे, सौरभ उईके एवं महेंद्र आसटकर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान अमेड़ा नर्सरी में मखाना खेती को बढ़ावा देने में अपेक्षित प्रयास नहीं करने पर संबंधित उद्यान विस्तार अधिकारी की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में नल-जल योजनाओं एवं बिजली आपूर्ति की भी समीक्षा की गई। उप संचालक कृषि को निर्देश दिए गए कि धान कटाई करने वाले हार्वेस्टर में फसल अवशेष नहीं छूटें, इसके लिए आवश्यक अटैचमेंट अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। वहीं लांजी एसडीएम को बिना अटैचमेंट वाले हार्वेस्टरों के विरुद्ध जप्ती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### कलेक्टर श्री मीना ने वारी जलाशय का किया निरीक्षण

**बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने आज 09 मई को लांजी प्रवास के दौरान वारी जलाशय का निरीक्षण कर वहां संचालित मत्स्य पालन गतिविधियों एवं केज कल्चर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्योद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले वाली जलाशय में अधिक संख्या में केज कल्चर स्थापित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि वारी जलाशय में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं। यदि बड़े स्तर पर केज कल्चर विकसित किए जाते हैं तो इससे स्थानीय लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# किसानों के नाम पर व्यापारी बेच रहे फसल... सीसीटीवी फुटेज से हो जाएगा पर्दाफाश



लालबर्रा| संवाददाता
rashtrabaan.in

**स्थानीय** खरीदी केंद्र एमपीडब्ल्यूएलसी के गोदाम में रबी की फसल गेहूं की खरीदी की जा रही है। जहां पर शुक्रवार देर शाम तक 330 किसानों से 7400 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। जहां पर किसानों के साथ ही व्यापारी और बिचौलिए समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। व्यापारियों और बिचौलिए द्वारा किसानों के नाम पर स्लॉट बुक करा कर फसल बेचना एक गंभीर मुद्दा है।

पहले व्यापारी जरूरतमंद किसानों से औने-पौने दामों पर उनकी फसल खरीद लेते हैं और फिर उन्हीं किसानों के नाम पर स्लॉट बुक कर फसल बेच रहे हैं। इस तरह किसानों का शोषण कर व्यापारी गैर कानूनी तरीके से मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं। जिन पर कानूनी शिकंजा कसा जाना आवश्यक समझा जा रहा है, वहीं खरीदी प्रभारी जिन्हें पता होता है कि यह व्यापारी है, लेकिन किसान के नाम पर स्लॉट बुकिंग के चलते उन्हें भी उनका माल खरीदना पड़ रहा है। इनके लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया जाए कि वह व्यापारी की पहचान कर उनसे गेहूं आदि फसल न खरीदें यह भी व्यापारी और बिचौलियों को रोकने के लिए ठोस कदम हो सकता है।

### सीसीटीवी फुटेज से आ जाएगी वास्तविकता सामने

गौरतलब रहे कि इन दिनों खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। जिसे खंगालने पर स्पष्ट हो जाएगा की किसान अपनी फसल का कांटा करवाने के लिए खरीदी केंद्र पर आता है तो पहले दिन यदि उसकी फसल का कांटा नहीं हो पाया तो दूसरे दिन आना पड़ता है। यह कह सकते हैं कि जो वास्तविक किसान है वह एक या दो दिन ही खरीदी केंद्र पर दिखाई देगा और व्यापारी प्रतिदिन खरीदी केंद्र पर देखे जा सकते हैं, जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि कौन व्यापारी है और कौन किसान। ऐसे व्यापारी और बिचौलियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि किसानों का शोषण रोका जा सके।

# अजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं को दी सीख : बोले- टिकट के लिए महत्वाकांक्षा न जगाने का संकल्प लें



बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

**कांग्रेस** संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ नेता अजयसिंह 'राहुल भैया' शुक्रवार देर रात बालाघाट पहुंचे। उन्होंने यहां विधायक, पूर्व विधायक और पार्टी नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देने के बजाय नेताओं को टिकट की महत्वाकांक्षाएं न जगाने की सीख दी।

अजयसिंह ने कांग्रेस नेताओं को बताया कि पार्टी में एक बड़ी समस्या है कि हम बहुत से लोगों की महत्वाकांक्षाएं जगा देते हैं। वे कहते हैं, 'तुम ही टिकट ले लो भाई, मैं तुम्हारे लिए प्रयास करूंगा।' चुनाव आते-आते हर विधानसभा में 7 से 20 दावेदार हो जाते हैं। टिकट एक को मिलता है, और बाकी बचे हुए लोग अपनी तलवारें पैनी करना शुरू कर देते हैं।

उन्होंने नेताओं से संकल्प लेने को कहा कि वे किसी भी नेता की टिकट की महत्वाकांक्षा को स्वयं न जगाएं। अजयसिंह के अनुसार, 'जिसके किस्मत में होगी, उसे टिकट मिल जाएगी।'

**चेलों को ठीक से समझाएं**

अजय सिंह के इस बयान के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या वे टिकट की महत्वाकांक्षा नहीं रख सकते। राजनीतिक दलों में लंबे समय तक काम करने वाले कार्यकर्ता भी प्रतिनिधित्व का अवसर चाहते हैं। उन्होंने जिलाध्यक्ष संजय उईके की तारीफ करते हुए उन्हें 'नेक इंसान' बताया और नेताओं से अपने चेलों को ठीक से समझाने को कहा।

# शराब बेचने से रोका, तो लोगों की रिपोर्ट की : ग्रामीण विधायक से मिले

विवेक पटेल बोले- आरोपी पर कार्रवाई होगी



बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

**बालाघाट** के वारासिवनी क्षेत्र के पुसुटोला और डंडूटोला गांव में अवैध शराब के खिलाफ आवाज उठाना ग्रामीणों को भारी पड़ गया। शराब बेचने वाले ने उल्टा ग्रामीणों पर ही समाज से बाहर करने का आरोप लगाकर पुलिस में झूठी शिकायत दर्ज करा दी। इससे नाराज करीब 100 ग्रामीण शनिवार को विधायक विवेक पटेल के पास मदद मांगने पहुंचे।

ग्रामीणों का आरोप है कि मूलचंद रहांगडाले नाम का व्यक्ति पिछले दो साल से गांव में कच्ची और पक्की शराब बेच रहा है। इससे गांव का माहौल बिगड़ रहा है और महिलाओं समेत बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। जब लोगों ने उसे शराब बेचने से मना किया, तो उसने गांव के 15-20 लोगों के खिलाफ थाने में झूठी रिपोर्ट कर दी।

### पुलिस और आबकारी विभाग पर सवाल

ग्रामीणों ने शिकायत की है कि पुलिस और आबकारी विभाग अवैध शराब पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रहा है। कुछ समय पहले दिखावे के लिए अभियान चलाया गया था, जो अब बंद हो चुका है। शराब की वजह से स्कूल जाने वाले छात्रों और राहगीरों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### विधायक ने दिया कार्रवाई का भरोसा

विधायक विवेक पटेल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस बारे में पुलिस और आबकारी अधिकारियों से बात करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि अवैध शराब बेचने वालों और ग्रामीणों पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले शख्स पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने पुलिस को मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं।

बालाघाट में बोले- गर्मी की छुट्टियों का भी वेतन मिले और नियमित किया जाए

# अतिथि शिक्षक मई-जून तक बेरोजगार



बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

**बालाघाट** में अतिथि शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया और सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि वे साल भर मेहनत से पढ़ाते हैं, लेकिन गर्मी की छुट्टियों (मई-जून) में उन्हें काम से निकाल दिया जाता है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है।

शनिवार को अतिथि शिक्षकों ने बताया कि वे 1 जुलाई से 30 अप्रैल तक स्कूलों में अपनी सेवाएं देते हैं, लेकिन जैसे ही मई का महीना आता है, उन्हें सेवामुक्त कर दिया जाता है। इस वजह से उन्हें हर साल दो महीने बेरोजगार रहना पड़ता है। शिक्षकों ने डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उनकी नौकरी पूरे साल के लिए पक्की की जाए और उन्हें समय पर वेतन दिया जाए।

**शिक्षकों की मुख्य मांगें**

शिक्षकों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों में कुछ बड़े मुद्दे उठाए हैं-

नए शिक्षकों की भर्ती के बजाय पुराने अनुभवी शिक्षकों को ही काम पर रखा जाए।

शिक्षकों के लिए 10 लाख रुपए का बीमा और आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जाए।

हर साल मानदेय में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए।

ऑनलाइन हाजिरी के चक्कर में रुका हुआ वेतन तुरंत दिया जाए और मई-जून का पैसा भी मिले।

शिक्षकों ने साफ कहा कि अगर उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो वे अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए आगे और बड़ा आंदोलन करेंगे।

### पुरानी घोषणाओं को पूरा करने की जिद

अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज डोंगरे ने कहा कि पिछले 10-15 सालों से वे बहुत कम पैसों में बच्चों का भविष्य बना रहे हैं, फिर भी सरकार उनके बारे में नहीं सोच रही। उन्होंने याद दिलाया कि 2 सितंबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वादा किया था कि 'गुरुजी' की तरह विभागीय परीक्षा लेकर उन्हें नियमित किया जाएगा, लेकिन वह वादा आज तक अधूरा है।

